राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 20.06.2017

आयोग द्वारा **वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2016** के ऐच्छिक विषयों की परीक्षाएं **दिनांक 30.06.2017 से 02.07.2017 तक** प्रातः 09.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं सायं 03.00 बजे से 05.30 बजे तक दो सत्रों में राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा के लिये ऐच्छिक विषय **हिन्दी, संस्कृत एवं गणित (ग्रुप–1)** तथा **सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं अंग्रेजी (ग्रुप–2)** के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के **वेब पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर अलग–अलग लिंक** से अपलोड कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र (Original Photo I.D. Card) अपने साथ अवश्य लेकर आवे अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। परीक्षा केन्द्र पर रिस्ट वॉच/मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिक सामग्री लेकर नहीं आवें।

उक्त परीक्षा में ऐच्छिक विषय हिन्दी, संस्कृत एवं गणित (ग्रुप–1) तथा सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं अंग्रेजी (ग्रुप–2) के अभ्यर्थियों के एक ही **ग्रुप के एक से अधिक विषयों के यदि अलग अलग प्रवेश पत्र डाउनलोड हो रहे हैं** तो वे अभ्यर्थी परीक्षा उपरान्त जिस रोल नं. से **प्रश्न–पत्र प्रथम (GK) की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उस रोल नं. से आयोग को अवगत करावें,** जिससे उनके ग्रुप के एक से अधिक विषयों में **प्रश्न–पत्र प्रथम (GK)** के मार्क्स जोड़े जा सके।

दृष्टिबाधित, सूर्यमुखी एवं ऐसे परीक्षार्थी जो स्वयं अपने हाथ से लेखन कार्य करने में स्थायी रूप से असमर्थ है, वे अभ्यर्थी प्रवेश पत्र मय निःशक्तता प्रमाण पत्र के अपने केन्द्राधीक्षक से परीक्षा दिवस से दो दिन पूर्व सम्पर्क करें, जिससे उन्हें श्रुतलेखक उपलब्ध करवाया जा सके अन्यथा श्रुतलेखक सुविधा देय नहीं होगी, जिसका जिम्मेदार अभ्यर्थी स्वयं होगा।

(भगवत सिंह राठौड़)
उप सचिव

– –